तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

14 एकलव्य विद्यालय कांकेर का परीक्षाफल...



14 महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने डांगरा में...





# भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में अब ग्राष्मकालीन छुट्टियां 20 अप्रैल से 15 जून तक

## शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए यह अवकाश मान्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के साथ कांकेर जिला में में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बड़ा निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार अब प्रदेश के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त एवं गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में संशोधन करते हुए 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि पूर्व में जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश 1 मई से 15 जून तक निर्धारित था, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रभाव को देखते हुए शासन ने इसे पहले लागू करने का निर्णय लिया है। विभाग का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए यह अवकाश मान्य नहीं रहेगा तथा वे पूर्व निर्धारित विभागीय निर्देशों के अनुसार अपनी सेवाएं देंगे। इससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

**खास बातें**

- शैक्षणिक विकास से प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे
- गर्मी से सुरक्षा के लिए उठाया बड़ा कदम




### समय से पहले अवकाश घोषित करना सकारात्मक पहल

स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्णय का अभिभावकों और शिक्षकों ने स्वागत किया है। अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और शासन का यह निर्णय समयानुकूल एवं सराहनीय है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि गर्मी के इस मौसम में बच्चों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय से पहले अवकाश घोषित करना एक सकारात्मक पहल है।

**खबर संक्षेप**

### सात लीटर महुआ शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम चवेला पटेलपारा में पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी 50 वर्षीय प्रेमलाल रावटे पिता स्व. भागीरथी रावटे को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा हाथ भट्टी से बना हुआ कच्ची महुआ शराब को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 7 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 700 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत




**कांकेर।** थाना सरोना अंतर्गत मुड़पार निवासी 27 वर्षीय अरूण कुमार मारकण्डे पिता काशीराम मारकण्डे हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आया गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान युवक का 3 मार्च को मौत हो गया। थाना रायपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी थाना कांकेर में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सर्पदंश से मौत पर मर्ग कायम



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 105 विकासपल्ली निवासी निर्मल सिकदार पिता मंगल सिकदार को साप ने काट लिया, जिससे उसका मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन उसका 3 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## विधायक ने मामले की त्वरित जांच करने और कार्रवाई की मांग की

# किसानों की जमीन हड़पने का बड़ा खेल उजागर, विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के चारामा तहसील क्षेत्र के मामले को हरिभूमि ने उजागर किया, उसके उपरांत पीड़ित किसान भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मंडावी से मदद के लिए गुहार लगाया। विधायक ने लगातार दो दिनों से हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के उपरांत मामले की त्वरित जाँच एवं कार्रवाई की माँग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक ने पीड़ित किसानों की समस्या को देखते हुए किसानों के साथ खड़े होने की बात कही।

विधायक द्वारा 15 अप्रैल 2026 को सीएम के नाम लिखे गए इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील चारामा में कई किसानों को जमीन संबंधी फर्जीवाड़े का शिकार बनाया गया है। आरोप है कि जमीन दलालों द्वारा किसानों को ब्याज पर पैसा देने या जमीन को बंधक बनाने के नाम पर धोखाधड़ी की जा रही है। इसके बाद उनकी जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री कर लिया जाता है, जिससे पीड़ित किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। रजिस्ट्री के बाद नए नियम के तहत तुरंत नामांतरण भी हो जाता है। पत्र में विशेष रूप से ग्राम रानिधोंगरी (तहसील चारामा) का एक मामला उल्लेखित किया गया है। इसमें पीड़िता विमला बाई ठाकुर, जो कि एक वृद्ध एवं अशिक्षित महिला हैं, ने अपने बेटे के इलाज के लिए पैसों की आवश्यकता के चलते एक दलाल से संपर्क किया था।

आरोप है कि दलाल ने उन्हें जमीन को बंधक रखने के नाम पर एक चेक दिया और उसी के आधार पर उनकी 28.63 एकड़ जमीन फर्जी तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री करवा ली। इतना ही नहीं, अब इस जमीन को आगे बेचने की भी तैयारी की जा रही है। ▶▶| शेष पेज 12 पर







रजिस्ट्री के बाद चेक हो रहे बाउंस, गरीब किसानों से धोखाधड़ी और ठगी उजागर

- हरिभूमि लगातार जमीन हड़पने के खेल को दो दिन से विभाग के संज्ञान में ला रहा

### विभाग और पुलिस से नहीं मिली मदद

विधायक ने पत्र में यह भी बताया कि पीड़ित महिला द्वारा संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन उन्हें पुलिस में जाने की सलाह देकर मामले को टाल दिया गया, वहीं पुलिस द्वारा इसे राजस्व से जुड़ा मामला बताकर रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार किया जा रहा है। इस स्थिति में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है और वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजयुमो ने की हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



समाज में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा जिला कांकेर में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू के नेतृत्व में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान ने न केवल जनजागरूकता बढ़ाई, बल्कि महिलाओं और युवाओं के उत्साह को भी नई ऊंचाई दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण हस्ताक्षर दीवार रही, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने अपने हस्ताक्षर कर इस महत्वपूर्ण अधिनियम के प्रति समर्थन व्यक्त किया। पूरे आयोजन में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज के विभिन्न वर्ग इस पहल को दिल से स्वीकार कर रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर

# डिप्टी सीएम की स्वीकृति मिली भानुप्रतापपुर में विकास गतिशील

- नगर की सड़कों का होगा कायाकल्प, 9 बीटी रोड को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के विकास को नई रफ्तार मिलने जा रही है। सड़कों के उन्नयन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 9 बीटी यानी ब्लैक टॉप सड़कों के निर्माण के लिए करीब डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ ही आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराएगा। जिले के भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के लिए कुल 1 करोड़ 49 लाख 55 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने विधिवत स्वीकृति आदेश जारी कर दिए हैं। नगरीय मंत्री ने सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं, जिससे जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। ▶▶| शेष पेज 12 पर



### युवा कांग्रेस ने कलेक्टर व डीईओ को सौंपा मांगपत्र



जगदलपुर। जिले में बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए युवा कांग्रेस ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को मांगपत्र सौंपकर छात्रों को राहत देने की मांग की । ज्ञापन में बताया गया कि कम उम्र के छात्र-छात्राओं को तपती गर्मी में विद्यालय आने-जाने और पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान जनपद सदस्य हेमराज बघेल, सचिव रुपेश ध्रुव, मंगल कश्यप, महासचिव जगमोहन चंदेल, रामचंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राचीन पांडुलिपियां एवं ज्ञान परंपरा के संरक्षण के लिए बनाई रूपरेखा

- ज्ञानभारत मिशन के तहत जिला स्तरीय समिति गठित, समिति की प्रथम बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ज्ञान भारत मिशन के तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय समिति का गठन कर उसकी प्रथम बैठक 15 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह सदस्य सचिव हरेश मंडावी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जिले में सर्वेक्षण कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा इसकी कार्ययोजना रूपरेखा तैयार की गई। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों, नगर पालिका, नगर पंचायत, राजमहलों, धार्मिक संस्थानों, प्राचीन मंदिरों, ट्रस्ट, मठ, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से संपर्क कर प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों में निहित भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा एवं बौद्धिक विकास के प्रमाणों को संग्रहित किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि इन अमूल्य धरोहरों के संरक्षण से आने वाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जा सकेगा। ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ढोढारपाहर में गोंडवाना भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मासूलपानी के आश्रित ग्राम ढोढारपाहर में गोंडवाना भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और विकास की नई उम्मीद जगाई। सभी अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने गोंडवाना भवन के निर्माण को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह भवन समाज के विभिन्न आयोजनों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कोरर की 4 दुकानों को नोटिस, 3 दिन में देना होगा जवाब

# सेवा केंन्द्र व खाद्य गोदामों पर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर/कोरर



जिले के कोरर क्षेत्र में किसानों को मिलने वाली खाद-उर्वरक व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में विभागीय टीम ने क्षेत्र में संचालित निजी कृषि सेवा केंद्रों और खाद गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई के दौरान कई केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसके चलते 4 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में पाया गया कि कुछ संचालक उर्वरक विक्रय के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने यह भी निर्देशित किया कि खाद-उर्वरक की बिक्री केवल वैध दस्तावेजों जैसे भूमि का रकबा, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के सत्यापन के बाद ही की जाए और हर लेन-देन को रजिस्टर एवं पीओएस मशीन में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। पीओएस मशीन को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। ▶▶| शेष पेज 12 पर


### विक्रेता व क्रेता पर होगी कार्रवाई

अधिकारियों ने चेताया कि किसी अन्य व्यक्ति के आधार कार्ड का दुरुपयोग कर अधिक मात्रा में उर्वरक बेचने की स्थिति में संबंधित विक्रेता और खरीदार दोनों पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। आगामी खरीफ सीजन में एग्रिस्टेक फार्मर आईडी और आधार लिंकिंग के चलते किसानों के खसरा रकबे के अनुसार ही उर्वरक की मात्रा तय होगी। ऐसे में यदि पीओएस में गलत एंट्री की गई, तो किसान भी जांच के दायरे में आ सकते हैं और उन्हें सहकारी समितियों से मिलने वाली खाद में कटौती का सामना करना पड़ सकता है।

### छात्रवृत्ति के लिए 23 को होगा मॉक टेस्ट




**कांकेर।** राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) का 02 मई को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। जिले में इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए व्यापक एवं सुनियोजित तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय उच्च प्राथमिक शालाओं के संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत कक्षा 8 वीं के पात्र विद्यार्थियों को लक्ष्य आधारित तैयारी से जोड़ा गया है। जिला स्तर पर तैयार प्रश्न-पत्र, जिसमें विभिन्न वर्षों के अति महत्वपूर्ण प्रश्नों को समाहित किया गया है। ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### छिंदली में लगेगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोण्डागांव।** ग्रामीणों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम छिंदली में आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### लगातार 3 वर्ष से रायपुर मंडल एवं मध्य क्षेत्र में विनोद प्रथम

**कोण्डागांव।** भारतीय जीवन बीमा निगम के उत्कृष्ट अभिकर्ता विनोद



कुमार साहू ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में बीमा व्यवसाय में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री साहू लगातार 3 वर्षों से रायपुर मंडल एवं मध्य क्षेत्र छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वे पिछले 10 सालों से जगदलपुर एवं कोंडागांव शाखा में भी लगातार प्रथम स्थान पर बने हुए हैं। एमडीआरटी यूएसए की पात्रता हासिल की है और जापान, थाईलैंड, मलेशिया जैसे देशों में सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर बीमा अधिकारी व एलआईसी परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

### दसवीं के भौमिक ने 93.6 फीसदी अंक किए हासिल

**जगदलपुर।** शहर के पीएमश्री



केन्द्रीय विद्यालय के सीबीएससीई के कक्षा दसवीं के छात्र भौमिक पराते ने 93.6 फीसदी प्राप्त किए।

### आरटीई में प्रतिपूर्ति बढ़ाने निजी स्कूल बंद रहेंगे आज

**जगदलपुर।** निजी स्कूलों ने शिक्षा के अधिकार के तहत प्रतिपूर्ति दर बढ़ाने की मांग को लेकर असहयोग आंदोलन शुरू किया है। कल 17 अप्रैल को सभी स्कूल संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। 18 अप्रैल को स्कूल पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। इस दौरान सरकार से मांग की गई है कि 2011 से लंबित प्रतिपूर्ति दर का पुनर्निर्धारण किया जाए और शासकीय स्कूलों के प्रति छात्र व्यय की राशि सार्वजनिक की जाए।

### केशकाल नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**कोण्डागांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद केशकाल नगर पंचायत में 4 विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की है। वार्ड क्रमांक–2 में बीईओ ऑफिस के पास उद्यान निर्माण के लिए 9.91 लाख रुपए तथा ब्लॉक कॉलोनी स्कूल के सामने पेवर ब्लॉक कार्य के लिए 9.93 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्रमांक–1 में सामुदायिक भवन एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए 9.99 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। वार्ड क्रमांक–10 में शेड निर्माण के लिए 9.98 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# केशकाल में डाडा कप का समापन, 42 रनों से जीतकर टीम अल्टिमेट चैलेंजर्स बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर के सुरडोंगर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित 5 अप्रैल से शुरू हुए रात्रिकालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता "डाडा कप सीजन -1" का 15 अप्रैल बुधवार की रात धूमधाम से समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया, जिसमें केशकाल नगर पंचायत अंतर्गत निवासरत खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर नगरवासियों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मैच में अल्टीमेट चैपियंस ने टीम गौलाचंद को हराकर 66,666 रुपए की इनाम राशि और ट्रॉफी अपने नाम किया। आयोजन समिति के सदस्य अख्तर मेमन और वसीम मेमन ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्वर्गीय डाडाभाई की स्मृति में आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य नगर के युवाओं में भाईचारा और सौहार्द बढ़ाना। आयोजन को सफल बनाने में केशकाल नगर के प्रबुद्धजनों और नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत मे नगर के प्रतिष्ठित जन अमीन मेमन, भूपेश चंद्राकर, रफीक मेमन, अनीस मेमन एवं टीआई विकास बघेल के द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समिति ने सभी खिलाड़ियों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सुरडोंगर प्रियदर्शिनी स्टेडियम में खेले गए मैच

### जोहार किसान और गौलाचंद के बीच हुआ रोमांचल सेमीफाइनल

बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोहार किसान 11 को हराकर गौलाचंद की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अल्टिमेट चैलेंजर्स के कप्तान फैज़ रज़ा के नेतृत्व में टीम ने 12 ओवर में 114 रन बनाए और गोलाचंद को 115 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौलाचंद की टीम, जिसकी कप्तानी वसीम मेमन कर रहे थे, 72 रनों पर ही सिमट गई। इस तरह अल्टिमेट चैलेंजर्स ने 42 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।




### फैज़ रज़ा बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

विजेता टीम अल्टिमेट चैलेंजर्स को आयोजन समिति एवं अतिथियों के द्वारा 66,666 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम गोलाचंद को 44,444 रुपये एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब अल्टिमेट चैलेंजर्स के कप्तान फैज़ रज़ा को दिया गया।

## कार्यक्रम : शहर में की पदयात्रा व नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का भव्य आयोजन

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के साथ नेतृत्व होगा सशक्त : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला मुख्यालय में पदयात्रा व नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने मातृशक्ति के जागरूक और सशक्त स्वरूप को प्रदर्शित किया। पदयात्रा के पश्चात जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में बस्तर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, छोटेडोंगर सरपंच श्रीमती संध्या पवार, जनपद सदस्य श्रीमती रामबत्ती देवांगन, शिक्षिका श्रीमती रीना मंडल, अधिवक्ता श्रीमती सीता वड्डे, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ श्रीमती वनिता जैकब, पूर्व नक्सल पीड़ित एवं वर्तमान में पुलिस आरक्षक सुधाये गोटा तथा गायत्री परिवार से श्रीमती सत्यभामा नागवंशी मंच पर विराजमान रहीं। अपने संबोधन में श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में





महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकतंत्र में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा, जिससे संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी और नेतृत्व और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने इसे देश की मातृशक्ति को निर्णय प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। इसके पश्चात

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद संगीता जैन, जिला पंचायत सदस्य हीना नाग, शांति नेताम, दीपाली नाग, खुशबू जैन, वर्षा पांडेय, शोभना नायर, लक्ष्मी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन सरिता बंजारे ने किया तथा आभार पार्षद रमशीला नाग ने किया।

सम्मेलन को श्रीमती संध्या पवार, श्रीमती रीना मंडल, श्रीमती वनिता जैकब, श्रीमती सत्यभामा नागवंशी,सीता वड्डे तथा सुकाय गोटा ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्र निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर इस ऐतिहासिक पहल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

# अब हथियार नहीं, हुनर से बदल रही पुनर्वासितों की जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- इलेक्ट्रिशियन ट्रेड से आत्मनिर्भर बनने की राह

राज्य शासन की पुनर्वास नीति के तहत जिले में पुनर्वासित युवा अब हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। ग्राम कुधुर के तुलसी राम, रजमन एवं गोबरू लाइवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें वायरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### आत्मसमर्पण के बाद बदली जिंदगी

युवाओं ने बताया कि पहले भय और असुरक्षा के माहौल के कारण वे भटक गए थे, लेकिन पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर आत्मसमर्पण कर अब नई शुरुआत की है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे अपने गांव में ही वायरिंग कार्य शुरू कर स्वरोजगार स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। पुनर्वास केंद्र में रहकर उन्हें सुरक्षित माहौल में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिल रहा है, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं।

### सरकार की पहल से मिल रहा नया जीवन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं के माध्यम से पुनर्वासितों को रोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा संचालित पुनर्वास केंद्र भटके हुए युवाओं को प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

# पोइला बैसाख पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया बंगाली नववर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- पारंपरिक वेशभूषा पहनकर लिया भाग
- नए साल के स्वागत में गीत संगीत की हुई प्रस्तुति

नगर के बंगाली समुदाय द्वारा बंगाली नववर्ष पोइला बैसाख का पर्व इस वर्ष भी पूरे उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के काली मंदिर परिसर में बुधवार को आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक समापन हो गया। जिसमें लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर भाग लिया और नव वर्ष के स्वागत में गीत-संगीत प्रस्तुत किया। इसके बाद शाम को काली मंदिर स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से बंगाली संस्कृति की झलक पेश की।

कार्यक्रम के दौरान विशेष व्यंजनों का भी आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक बंगाली पकवानों का स्वाद लोगों ने बड़े उत्साह से लिया। बंगाली समाज के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा सभी ने मिलकर नए वर्ष के आगमन का स्वागत किया। अंत में सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए आने वाले वर्ष के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मना चिरायु दिवस

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रति गुरुवार को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न श्रेणी के चिन्हांकित शन्य से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कर चिरायु दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विकासखंड स्तर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ गंभीर रोगों से ग्रस्त बच्चों का उच्चस्तरीय जांच दूरस्थ्य क्षेत्रों में सुविधा के अभाव में न हो पाने की स्थिति में उन बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज में रेफर किया जाता है, जिससे उक्त बच्चों की जांच व उपचार बेहतर हो सके। मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अन्तर्गत दिल मे छेद या हृदय संबंधी रोग से ग्रसित कटे फटे होठों के बच्चों का चिन्हांकित कर मेडिकल कालेज से रेकर बच्चों को उनके अच्छे



स्वास्थ्य लाभ के लिए राज्य के निजी अस्पतालों में जिन्हें शासन ने मान्यता दी है। उन अस्पतालो में विशेषज्ञों द्वारा उनका मुस्कान योजना के तहत निःशुल्क आपरेशन किया जाकर पूर्ण स्वस्थ्य होने तक उनकी देखभाल की जाती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड ने चिरायु दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. प्रियंका सिकरवार, डॉ. नैतिक मंडावी, डॉ. सत्यम ठाकुर, डॉ. पिताम्बर साहू, डॉ. दिपाली साहू, डॉ. सुलेखा कंवर, फार्मासिष्ट संजीव हलधर, विमलेश पैकरा, गंगाधर पात्रो, लेब तकनिशियन यश प्रकाश पांडे, एएनएम दयामनी कश्यप, तुलावती कश्यप, हिरामती सेठिया शामिल रहे।

## छात्राओं को पोषणयुक्त एवं विविध आहार देने की पहल

*कोण्डागांव। शहर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रवास में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत दक्षिण भारतीय नाश्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित के निर्देशानुसार बच्चों के आहार में विविधता लाने हेतु यह पहल की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर छात्राओं को संतुलित एवं विविध आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना और भोजन में विविधता सुनिश्चित करना है।*

## आईएफसी के माध्यम से हजार महिला किसानों को आजीविका संवर्धन का लाभ

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत कोंडागांव विकासखंड में महिला किसानों को आजीविका से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सूर्योदय महिला क्लस्टर संगठन, चिपावंड के अंतर्गत 10 ग्राम पंचायतों की लगभग 1000 महिला किसानों को इस पहल से जोड़ा गया है। मक्का उत्पादन, सब्जी उत्पादन एवं मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि एवं पशुपालन विभाग द्वारा प्रशिक्षण के साथ ड्रिप, मल्चिंग, बीज एवं कृषि उपकरण बाजार से कम दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 413 महिला किसान लखपति बन चुकी हैं।

## पेज 11 के शेष

### भीषण गर्मी के चलते...

सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### किसानों की जमीन हड़पने ...

विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस तरह के मामलों की संख्या क्षेत्र में बढ़ती जा रही है और इसमें कुछ प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। ऐसे में पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना अत्यंत आवश्यक है।

**विधायक ने सीएम से की माँग:** विधायक ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जमीनों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए इस तरह के सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों के अधिकारों की रक्षा हो सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम...

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उनका मानना है कि यह अधिनियम देश की महिलाओं को एक नई पहचान देगा और उन्हें सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को इस अधिनियम के महत्व के बारे में जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि समाज में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। समापन के दौरान सभी उपस्थितजनों ने एकजुट होकर नारी सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल एक अभियान था, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ, जो भविष्य में महिलाओं के सशक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा, बल्कि उन्हें सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में समान भागीदारी का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। इसी सोच के साथ आज कांकेर में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस अधिनियम की जानकारी पहुंचे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। महिलाएं जब सशक्त होंगी, तभी देश सशक्त बनेगा। हमारा यह प्रयास नारी शक्ति के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

### डिप्टी सीएम की स्वीकृति...

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में दो बीटी सड़कों के निर्माण हेतु 47 लाख 54 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1 में 21 लाख 82 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 2 में 5 लाख 95 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक 9 में 6 लाख 1 हजार रुपए की राशि बी.टी. सड़क निर्माण के लिए मंजूर की गई है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 10 में दुर्गा मंदिर से मंडी तक 23 लाख 81 हजार रुपए की लागत से नई बीटी सड़क बनाई जाएगी, जो स्थानीय व्यापार और आवागमन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। वार्ड क्रमांक 12 में 16 लाख 9 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 13 में 21 लाख 39 हजार रुपए और वार्ड क्रमांक 14 में 6 लाख 94 हजार रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य किए जाएंगे। भानुप्रतापपुर नगर में इन सड़कों के निर्माण से नगर पंचायत क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी, धूल-मिट्टी और कीचड़ से राहत मिलेगी तथा स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### प्राचीन पांडुलिपियां एवं ...

विशेष रूप से आदिवासी बहुल जिला होने के कारण विभिन्न समाज प्रमुखों से प्रत्यक्ष भेंट कर उनके निजी एवं शासकीय दस्तावेजों के माध्यम से जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए गए। सर्वेक्षण अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत स्टेला खलको, प्राचार्य भानुप्रतापदेव महाविद्यालय चेतन लाल पटेल, सहायक प्राध्यापक शरद ठाकुर , जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन मेरिया, जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल एवं सुकलाल नुरेशिया भाषा विशेषज्ञ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ढोढारपाहर में गोंडवाना ...

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना समाज के ब्लॉक अध्यक्ष सगे सिंह वटी, अध्यक्षता ग्राम पंचायत मासूलपानी कि सरपंच उमेशवरी जुर्री, विशिष्ट अतिथि के रूप में गोंडवाना समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष रामलाल कांवड़े, जिला पंचायत सदस्य संजना सावित्र वट्टी, उप सरपंच पिकाराम कोमरा एवं संरक्षक शंकर शोरी, सियाराम कोमरा, कमलेश कोमरा, रोहिदास शोरी, चन्द्रशेखर उईके, गंगाराम कोड़ोपी, कमल ध्रुवा सहित अन्य लोगे उपस्थित रहें।

### सेवा केंन्द्र व खाद्य ....

यह बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों को सब्सिडी वाले उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी और एनपीके पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के लिए लागू की गई है। जांच में सामने आया कि कुछ स्थानों पर पीओएस मशीन के स्टॉक और वास्तविक भौतिक स्टॉक में अंतर पाया गया, जो गंभीर गड़बड़ी की ओर संकेत करता है। कोरर क्षेत्र में जिन प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें दुर्गा ट्रेडर्स कोरर, श्रद्धा कृषि केंद्र कोरर और जय वीरू कृषि केंद्र कोरर शामिल हैं।

**कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल:** कोरर क्षेत्र की दुकानों के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता, उर्वरक एवं कीटनाशक निरीक्षक मनोज सरकार, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी किरण भंडारी, प्रवीण कवाची एवं शाखा प्रभारी भूपेंद्र गंगासागर मौजूद रहे। कृषि विभाग की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे किसानों को समय पर और सही मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने में सुधार आएगा।

### छात्रवृत्ति के लिए 23 ...

के आधार पर विद्यार्थियों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत 23 अप्रैल को मॉक टेस्ट आयोजित किया जाएगा।

## विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम ने सेवाओं की गुणवत्ता परखी

# सखी वन स्टॉप सेंटर कोंडागांव का निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- महिला सहायता सेवाओं की समीक्षा
- व्यवस्थाओं का भी किया मूल्यांकन

महिलाओं को उपलब्ध सहायता सेवाओं की समीक्षा के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खिलावन राम रीगरी के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने केंद्र में रह रही




महिलाओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवाएं, मनोवैज्ञानिक परामर्श, आश्रय सुविधा एवं पुलिस सहायता जैसी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। सचिव ने केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आश्रय के लिए आने वाली सभी महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशीलता और समर्पण भाव से कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

### निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के निर्देश

उन्होंने यह भी कहा कि जिन महिलाओं को कानूनी सहायता की आवश्यकता है, उनके आवेदन तैयार कर उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजा जाए, ताकि उन्हें समय पर निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता मिल सके और उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

### अधिवक्ता व अधिकार मित्र भी रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, अधिकार मित्र लोकेश यादव एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### प्रगणकों ने नाटक के जरिए दिखाईं जमीनी चुनौतियां



**भोंड।** जनगणना के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षित प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने एक अनोखे और नवाचारी नाटक का मंचन किया। इस नाटक की विशेषता यह रही कि इसमें अनुसूचित एवं आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करते समय प्रगणकों को किन-किन वास्तविक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, उसे जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। नाटक में बस्तर अंचल की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को दर्शाया गया, जहां करिया, ठेंगा और पंडरी पानी जैसे पारंपरिक पेय तथा लांदा से मेहमानों का स्वागत करना यहां की सामाजिक परंपरा का हिस्सा है। सुख-दुःख या किसी भी अवसर पर आगंतुकों चाहे वे अधिकारी हों या कर्मचारी को इन चीजों से सत्कार करना स्थानीय लोगों की आत्मीयता को दर्शाता है।

### अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक करें

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल तक पूर्ण किया जा चुका है। इसके लिए कांकेर जिले से 1314 आवेदकों के द्वारा ऑनलाईन आवेदन जमा किया गया है। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए ऑनलाईन आवेदन रोजगार विभाग के वेबसाईट में 30 अप्रैल तक किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन 04 मई से प्रारंभ होकर 04 जून तक किया जाएगा।

### स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई, महिला डॉक्टर नहीं, मरीज परेशान

**गीदम।** गीदम ब्लॉक की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि अस्पताल खुद ही मरीज की हालत में नजर आ रहे हैं। हाल ही में बड़े तुमनार उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का अवलोकन करने पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव सामने आया, जो सीधे तौर पर लचर व्यवस्था को उजागर करता है। ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना ने कहा कि गीदम में वर्तमान में एक भी महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जो बेहद गंभीर विषय है। पहले महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना थी, जिनके रहते महिलाओं का उपचार सुचारू रूप से होता था और सोनोग्राफी जैसी जरूरी सुविधा भी उपलब्ध थी, लेकिन उनका ट्रांसफर कर दिया गया। आज हालात यह हैं कि महिलाओं को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है और उन्हें मजबूरन दूर-दराज क्षेत्रों का रुख करना पड़ रहा है।

# स्वर्णिम जीत: छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम कर इतिहास रच दिया। इस बड़ी उपलब्धि में बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों बिंदु तेलम और मीना कश्यप का अहम योगदान रहा।

- बीजापुर की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

बीजापुर जिले के तुमनार गांव की निवासी बिंदु तेलम एक साधारण किसान परिवार से आती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से खेल जगत में पहचान बनाई है। बिंदु पहले ही जूनियर नेशनल यूथ गेम्स और इंडियन वुमेंस लीग में अपने खेल का लोहा मनवा चुकी हैं और वर्तमान में कॉलेज की पढ़ाई के साथ अपने खेल को और निखार रही हैं।

वहीं, मीना कश्यप ने भी अपने दमदार खेल से टीम को मजबूती प्रदान की। उन्होंने जूनियर नेशनल, सीनियर नेशनल और इंडियन वुमेंस लीग में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मीना एक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं और कॉलेज के अंतिम वर्ष की छात्रा होने के साथ-साथ नगर सैनिक के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं। बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कोच ज्योति यादव (एनआईएस एवं एएफसी 'सी' लाइसेंस कोच) के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। उनके निरंतर प्रशिक्षण और प्रेरणा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना



राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली 69वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की अंडर-14 बालक एवं बालिका टीम रवाना हो चुकी है। यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है।

इस बार भी छत्तीसगढ़ की टीम में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। बालक वर्ग में साहिल निषाद, अभील मिच्चा, दिव्यांशु पोयम, अनिकेत तेलम और बचालु कवासी का चयन हुआ है, वहीं बालिका वर्ग में अनुराधा कोवासी और अनुसूर्या यालम टीम का हिस्सा हैं। खिलाड़ियों के चयन पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और खेल प्रभारी उत्तम पंचारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान करणेवार ने बताया कि इस वर्ष अंडर-14 वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम काफी मजबूत है और पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। जिले के इन होनहार खिलाड़ियों से न केवल बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है, बल्कि वे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### 11,000 फड़ मुंशी, 25,000 मानदेय का वादा अब तक अधूरा

# मोदी की गारंटी पर उठे सवाल, 38 साल से संघर्षरत फड़ मुंशी अब भी इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में शामिल तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को कमिशन के अतिरिक्त 25,000 वार्षिक देने की घोषणा अब तक अधूरी है।

- मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी, सौंपा ज्ञापन



दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होने से प्रदेश के लगभग 11,000 फड़ मुंशियों में नाराजगी और आक्रोश है। फड़ मुंशी संघ के जिला अध्यक्ष सुरजीत सेठिया ने बताया कि फड़ मुंशी विगत 38 वर्षों से लगातार संघर्ष करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करते आ रहे हैं, बावजूद आज तक नियमित मानदेय तक प्राप्त नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि फड़ मुंशी वर्षभर तेंदूपत्ता संग्रहण, बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण, शाखा कर्तन, बीमा योजनाएं तथा बच्चों की छात्रवृत्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन ईमानदारी से करते हैं, जिससे ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय को लाभ मिलता है।

बावजूद मांगों की अनदेखी होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वार्षिक 25000 की घोषणा से फड़ मुंशियों एवं उनके परिवारों में उम्मीद जगी थी, किंतु आज तक यह केवल घोषणा बनकर रह गई है। इससे फड़ मुंशियों में आर्थिक, पारिवारिक एवं मानसिक असंतोष बढ़ता जा रहा है। बस्तर अंचल में आगामी 1-2 दिनों में तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारंभ होने वाला है। ऐसे में फड़ मुंशियों की नाराजगी का सीधा प्रभाव प्रदेश के लगभग 52 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों पर पड़ने की संभावना है, जिससे संपूर्ण व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

फड़ मुंशी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में संघ द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इसी कड़ी में जिले के 152 फड़ मुंशियों ने विधायक चैतराम अटामी से मुलाकात कर मोदी की गारंटी को लागू कराने की मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपा। फड़ मुंशियों ने अपनी लंबित मांगों पर जल्द पहल करने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि फड़ मुंशी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, उनकी समस्याएं वास्तविक और गंभीर हैं। मैं शीघ्र ही इस विषय को मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री के समक्ष रखूंगा और समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।

## कर्णिका ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक किए हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



कर्णिका तिवारी पिता अमितेश तिवारी एवं माता नीरज तिवारी की सुपुत्री ने शैक्षणिक सत्र 2025–26 की सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। कर्णिका की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। शिक्षकों के अनुसार, वह एक मेहनती, एकाग्रचित्त एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा हैं, जिन्होंने सदैव उत्कृष्टता को अपना लक्ष्य बनाया।

इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें 100 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अनेक विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी ऊंचा उठाया। विद्यालय प्रशासन ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा यह शानदार परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। कर्णिका की उपलब्धि विशेष रूप से सराहनीय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों तथा नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतरता और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया और इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताया। जैसा कि कहा गया है सफलता छोटे-छोटे प्रयासों का परिणाम होती है, जिन्हें प्रतिदिन दोहराया जाता है।

कर्णिका तिवारी की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## तकनीशियन की कमी से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



सुकमा जिला अस्पताल पूर्व में एनक्यूएस, कायाकल्प और लक्ष्य जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। किंतु वर्तमान में विशेषज्ञों स्त्री रोग, ईएनटी, सर्जन, सोनोग्राफी तकनीशियन और आवश्यक दवाओं की कमी के कारण आम जनता एवं मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कई विषयों को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम व राजेश नाग ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के सुकमा प्रवास के दौरान विपक्ष भी सक्रिय रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुकमा प्रवास के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम व राजेश नाग ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा कि जिले में डीएड और बीएड कॉलेज की स्थापना जिले के युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए अन्य जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है। आम जनता और युवाओं में जिला सुकमा के स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना और आजीविका से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। शिक्षक भर्तियों में स्थानीय युवाओं को अवसर नहीं मिल पा रहा है। युवाओं के उज्जवल भविष्य हेतु जिला मुख्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के कॉलेज खोलना नितांत आवश्यक है।

**एनएसएल के अग्नि व सुरक्षा विभाग का आयोजन**

## धनपुंजी डीएवी स्कूल में अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





धनपुंजी स्थित एनएमडीसी डीएवी रेसीडेंशियल पब्लिक स्कूल में एनएसएल के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा एवं प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था।

- सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल व सुरक्षित समाज विषय पर चित्रकला

विद्यालय की प्राचार्या ने बताया कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग की जानकारी दी गई। इसी अवसर पर "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं सुरक्षित समाज" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्र अत्यंत रचनात्मक एवं संदेशपूर्ण थे, जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गई। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा पांचवीं के साहिल बघेल, कक्षा आठवीं के दीपांशु कश्यप एवं कक्षा नवमी की किंजल सेठिया रहीं।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन डी. के. महापात्रा, पीके महापात्रा एवं एके मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फायर एंड सेफ्टी के पवन कुमार तथा बीपी दास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बाला किशोर अग्नि एवं सुरक्षा विभाग एवं संदीप बेबर्ता द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्राचार्या द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अधिकारी रणनीति और कार्ययोजना के साथ विकास को नई गति देने पर दें जोर: पिथोडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के महत्वाकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रगति की समीक्षा केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सीपीओ एवं सदस्य सचिव, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तरुण कुमार पिथोडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में जिले की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक की शुरुआत में पीपीटी के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति की समग्र समीक्षा प्रस्तुत की गई। प्रस्तुति में स्वास्थ्य एवं पोषण के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, पंजीयन, नियमित एएनसी जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के उपचार की जानकारी दी गई। मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण, वीएचएसएनडी, पीएमएसएमए एवं विस्तारित पीएमएसएमए के माध्यम से सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। पोषण सुधार के लिए सुपोषण अभियान, यूनिवर्सल एग पहल एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्म भोजन वितरण जैसे प्रयासों से कुपोषण में कमी लाने पर जोर दिया गया। नवजात शिशुओं के लिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान, संस्थागत प्रसव एवं 24x7 स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा टीकाकरण अभियान, टीबी नियंत्रण हेतु कॉल सेंटर आधारित निगरानी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रूपांतरण, स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन एवं विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता पर भी जानकारी दी गई।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / 202603140100016/ अ-21(4)/2025-26
ग्राम - नारायणपुर, प.ह.न.-14 नारायणपुर

**// उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम नारायणपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक पतीराम पिता गणेश जाति गोंड़ निवासी नारायणपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम नारायणपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की शासकीय आबंटित भूमि खसरा नम्बर 5/18 रकबा 0.809 हेक्टर में से रकबा 5.50 डिसमील भूमि को अपने पुत्र के स्वास्थ्य के ईलाज हेतु पैसों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता श्रीमती आस्था वर्मा पति अखिलेश जाति कंडरा निवासी नेहरू नगर ग्राम पंचायत नारायणपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने हेतु 412500/- (चार लाख बारह हजार पांच सौ ) रूपये में सौदा कर विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7ख) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 24.04.2026 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

## भांसी में 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



एनएमडीसी डीएवी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भांसी में आयोजित 14 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 15 अप्रैल को किया गया। यह कार्यक्रम रैम्प योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें राज्य में छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मार्गदर्शन पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन चॉइस सल्टेंसी सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों द्वारा व्यवसाय प्रारंभ करने के अवसर, वित्तीय सहायता, शासकीय योजनाओं का लाभ एवं कौशल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को उद्यमिता की मूलभूत जानकारी, व्यवसाय योजना तैयार करना, विपणन रणनीति तथा व्यवसाय स्थापित करने के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और उत्साहपूर्वक सभी सत्रों में सम्मिलित हुए।

### संघों ने किया छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम का गठन

**गीदम।** राजधानी में प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघों के प्रांत अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सभी संघ ने एकसाथ मिलकर छत्तीसगढ़ पेंशनर फोरम गठित करते हुए लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष चंद्रिका सिंह को सर्वसम्मति से प्रांतीय संयोजक मनोनीत किया।

**आम सूचना**

नगर पंचायत चारामा, तहसील चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) रेत खदान नगर पंचायत चारामा के अंतर्गत खसरा क्रमांक 131 रकबा 1.50 हेक्टेयर क्षेत्र के परियोजना को पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त हो गई है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रतियाँ सचिवालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है साथ ही इसका अवलोकन भारत सरकार पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तित मंत्रालय नई दिल्ली की वेबसाइट www.envfora.nic.m एवं एस. ई. आर. ए. ए. छत्तीसगढ़ पर भी किया जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर पंचायत चारामा
जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

### पैराडाइज सीबीएसई स्कूल के 10वीं बोर्ड की परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कांकेर।** पैराडाइज सीबीएसई स्कूल में कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष स्कूल का परिणाम उत्तम रहा और कई छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्य रश्मि रजक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं सहयोग प्रदान करने वाले अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कक्षा 10वीं उत्तीर्ण कर कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने बताया कि पैराडाइज स्कूल बच्चों को बहुमूल्य रत्नों के समान मानता है और उनके समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ कला, कौशल एवं खेलकूद पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय में अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का पूरा अवसर मिलता है। कक्षा 10वीं में इस्मीत कौर 93.2 प्रतिशत, षष्ठी नेताम 91.8 प्रतिशत, मीनाक्षी साहू 91 प्रतिशत एवं आर्पिता सिंह 90 प्रतिशत ने सर्वोच्च अंक हासिल कर टॉप रैंक प्राप्त की। इसके अलावा कृतिका हजरा एवं लक्ष्य नेताम 82.6 प्रतिशत, शिवांगी मरकाम 76.4 प्रतिशत, करिश्मा नागवानी 75.6 प्रतिशत, मुकुद साहू 74 प्रतिशत, पाखी शर्मा 69.8 प्रतिशत, आर्यन नायक 67 प्रतिशत, गौसिया फातिमा 66.8 प्रतिशत, रितेश कुमार 61 प्रतिशत, दीप्ति मंडावी 60.2 प्रतिशत, राशि वर्मा 59.8 प्रतिशत, पदमाक्षी नेताम 56.4 प्रतिशत एवं जयदीपदत्त मानिपुरी 54.8 प्रतिशत ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के आयोजन में कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, एम भुबनेश्वरी एवं ऐश्वर्या साहू के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, रचना शर्मा, टाकेश्वर साहू, अवतार सिंह, पेंकटेश पटेल सहित अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए 4 मई से विशेष प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जून 2026 में प्रस्तावित अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास आयोजित की जा रही है। यह विशेष प्रशिक्षण 4 मई से शुरू होकर 4 जून तक संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को लिखित परीक्षा के लिए तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। इस वर्ष बस्तर जिले से कुल 620 अभ्यर्थियों ने थल सेना की वेबसाइट पर अपना सफल पंजीकरण कराया है। उपसंचालक रोजगार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोचिंग के माध्यम से युवाओं की सफलता दर बढ़ाने और उन्हें राष्ट्र सेवा के मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख को जानकारी देते हुए सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं उच्चतर के आवेदन की स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### समझौता योग्य प्रकरणों के त्वरित निपटारे पर जोर

**कांकेर।** वर्ष 2026 की 9 मई को आयोजित होने वाली द्वितीय नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय कांकेर में अधिवक्ता संघ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार टामक द्वारा की गई। उक्त बैठक में राजीनामा एवं समझौते योग्य लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिकतम संख्या में निराकृत किए जाने पर विशेष बल दिया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अव्हान किया कि अपने पक्षकारों को समझाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों को समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कांकेर भास्कर मिश्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शांति प्रभु जैन एवं अधिवक्ता संघ कांकेर के अधिवक्तागण उपस्थित रहें।

## निधन

### रामसेवक रजक

**कांकेर।** शहर के सुभाष वार्ड निवासी रामसेवक रजक का बुधवार को निधन हो गया, वे लंबे



समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े रहे और वार्ड प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से निकाली गई, जिसके बाद अन्नपूर्णा पारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में नागरिक उपस्थित रहे। वे अपने सरल स्वभाव और समाज सेवा के लिए जाने जाते थे।

# एकलव्य विद्यालय कांकेर का परीक्षाफल रहा प्रतिशत और छात्रों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत 100 प्रतिशत दर्ज कराया है। विद्यालय के सभी 57 पंजीकृत अभ्यर्थी परीक्षा में सफल रहे, जो संस्था के लिए गर्व का विषय है।

विद्यालय की इस उपलब्धि में प्राचार्य के कुशल मार्गदर्शन एवं शिक्षकों की मेहनत का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाया, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। परिणामों की बात करें तो 57 में से 52 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जिनमें से 5 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**सीबीएसई कक्षा 10वीं की परीक्षा 57 ने दी, 52 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण**



**कड़ी मेहनत जरूरी**

उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

परीक्षा में कृतिका टेकाम ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। एंजल दर्रो 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। तृतीय स्थान पर पूजा कुंजाम एवं जागृति केमरो ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से स्थान बनाया। चतुर्थ स्थान पर सौम्या कुंजाम 90.2 प्रतिशत रहीं। इसके अलावा दीपक कुमार सलाम 87.6 प्रतिशत ने पंचम, पिंटू मरकाम 87 प्रतिशत ने षष्ठम, नंदनी नेताम एवं भविष्य मरकाम 86 प्रतिशत ने संयुक्त रूप से सप्तम स्थान प्राप्त किया। तन्मय कुमार ओट्टी 85.8 प्रतिशत अष्टम, वंदना मंडावी 85.6 प्रतिशत नवम एवं कमलेश कुमार सलाम 85 प्रतिशत दशम स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**वार्ता : सहज ढंग से किया अनौपचारिक संवाद**

# महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने डांगरा में पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 16 अप्रैल को जिले के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम डांगरा में आयोजित बाल चौपाल में सम्मिलित होकर हाई स्कूल परिसर में कुसुम पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चां के साथ सहज ढंग से अनौपचारिक संवाद किया। इस अवसर पर राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत भी उपस्थित रही।

महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और संबल हुई हैं, वहीं दैनिक जरूरतों की पूर्ति में काफी आसानी हुई है। उन्होंने मौके पर मौजूद महिलाओं को समझाइश देते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान उन्हें विशेष रूप से खानपान पर ध्यान देने तथा अतिरिक्त पोषण आहार और प्रोटीन-विटामिन की आवश्यकता होती है, जिससे मां और बच्चा दोनों स्वस्थ व निरोगी हों। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीण महिलाओं से खुली चर्चा करते हुए विभाग की योजनाओं तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का लाभ लेने का अव्हान किया। इसके पहले, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने उपस्थित बच्चों के बीच प्रेरक गतिविधियां कराई, जिसमें गुड टच-बैड टच, लोक गीत, लोक नृत्य, व्यक्तित्व विकास, दैनंदिनी से जुड़ी गतिविधियां आदि शामिल थीं, जिसमें बच्चों ने बारी-बारी से उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया तथा खुलकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं अन्य अतिथियों ने 5 बच्चे विधाना मरकाम, प्रियांशी कुरेटी, विकास हिड़को, ग्रेसी निषाद और रियांशी तेता को विद्यारंभ संस्कार प्रमाण पत्र सौंपा। बाल चौपाल कार्यक्रम के उपरांत स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण महिलाओं तथा बच्चों के साथ पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर एक साथ सामूहिक भोज किया। अतिथियों को पेड़ों के पत्तों से तैयार किए गए दोना-पत्तल में दाल, चावल, कुल्थी की सब्जी, मड़िया पेज आदि पारंपरिक व्यंजन परोसा गया।





**कार्यक्रम में यह रहे शामिल**

आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, एसडीएम भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले, भाजपा के जिला महामंत्री राजा पांडेय, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिदे कल्लो, महामंत्री रामचंद्र कल्लो, दुर्गूकोंदल सरपंच शकुंतला नरेटी, जनपद सदस्य राजू विकास नायक, श्रीमती सविता उयके, सरपंच रमूला नरेटी, आकाश सोलंकी, दीपक पुड़ो, सुमित्रा दुग्गा, संगीता नेताम के अलावा महिला बाल विकास विभाग का विकासखंडस्तरीय अमला उपस्थित रहा।

**रेडी टू ईट से बनी खीर से कराया अन्नप्राशन**

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने डांगरा में आयोजित कार्यक्रम में 3 नौनिहालों को अन्नप्राशन कराया। उन्होंने ग्राम डांगरा से आई सुकारो बाई की 5 माह की बेटी रूही नरेटी को गोद में उठाकर रेडी टू ईट से बनी खीर खिलाकर रस्म अदायगी की। साथ ही ग्राम हिंगनपुरी की सुशीला बाई की पुत्र वामिका उइके और ग्राम भंडारडिगी निवासी मधु की बेटी लावण्या गावड़े का भी अन्नप्राशन रेडी टू ईट से तैयार खीर खिलाकर कराया। इसी तरह पांच शिशुवती माताओं को सुपोषण टोकरी भेंट की, जिनमें शिशु कु. काव्या दर्रो, इवांशी मरकाम, कनिका यादव, अनुज कुमार और संध्या दुग्गा की माताएं शामिल थीं।

**पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण**

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर के ग्राम चौगेल (मुल्ला) स्थित पुनर्वास केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आत्मसमर्पित महिलाओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा केन्द्र में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे दिन एप संचालन की दी गई जानकारी



**दुर्गूकोंदल।** तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है।

दूसरे दिन के प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को घर चलो एप सहित अन्य संबंधित डिजिटल एप्स के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से लॉगिन प्रक्रिया, यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से अकाउंट को सक्रिय करने की विधि तथा डेटा एंट्री के विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया गया। विशेष रूप से 34 कॉलम वाले प्रारूप को किस प्रकार निर्धारित विकल्पों के आधार पर भरना है, इस पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक कॉलम को शासन द्वारा निर्धारित संकेतों एवं मानकों के अनुसार ही भरना अनिवार्य है, ताकि डेटा की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही प्रतिभागियों को फील्ड में कार्य करते समय आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण में अनुभाग अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले एवं चार्ज अधिकारी कुलदीप ठाकुर तहसीलदार दुर्गूकोंदल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। मास्टर ट्रेनर के रूप में फील्ड ट्रेनर मनीष गौतम, बाबूलाल कोमरे, दिग्विजय सलामे और राजेंद्र सहारे सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ, प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहें।

### दुर्गूकोंदल एकलव्य विद्यालय में 10वीं की परीक्षा में छात्राओं ने बाजी मारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिग्गी का इस वर्ष परीक्षा परिणाम 66. 66 प्रतिशत रहा, जिसे विद्यालय प्रबंधन ने संतोषजनक बताया है।

विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 में कुल 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 28 बालक एवं 29 बालिकाएं शामिल थीं। परिणामों के अनुसार 38 विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें 17 बालक और 21 बालिकाएं शामिल हैं। इस प्रकार छात्राओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई है। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से 8 ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 30 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 19 विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा देनी होगी, जिनमें 11 बालक एवं 8 बालिकाएं शामिल हैं।

प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही पूरक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को निराश न होने और पुनः मेहनत कर बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम बताया है तथा भविष्य में और बेहतर शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही है।

### जन शिकायतों के निराकरण के लिए 10 दिवसीय विशेष शिविर एक मई से

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 के आयोजन व्यापक पैमाने पर किया जाएगा। इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर राज्य शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत 30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा तथा 01 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जारी निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत 01 मई से 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ वितरण किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। अभियान के दौरान मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण, मुख्य सचिव एवं प्रभारी सचिव समय-समय पर शिविरों में शामिल होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे और आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।

अभियान के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

### कोटपारा की सुपोषण चौपाल में किया स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकड़ा के आश्रित ग्राम कोटपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सुपोषण चौपाल का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं को कुपोषण के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

चौपाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गनेशा बाई दुग्गा ने उपस्थित महिलाओं को कुपोषण के प्रमुख कारणों, उसके लक्षणों एवं उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार की कमी, साफ-सफाई की अनदेखी तथा समय पर स्वास्थ्य जांच न कराना कुपोषण के मुख्य कारण हैं। उन्होंने महिलाओं को नियमित रूप से बच्चों का वजन और लंबाई माप कराने की सलाह दी, जिससे समय रहते कुपोषण की पहचान की जा सके। गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को विशेष रूप से हरी सब्जियां, दाल, गुड़ और मूंगफली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद शिशु को पहले छह माह तक केवल स्तनपान कराना अत्यंत आवश्यक है, इसके बाद धीरे-धीरे पूरक आहार शुरू करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने साफ-सफाई बनाए रखने, समय पर टीएचआर और गर्म पका भोजन लेने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज और सामग्री से तैयार किए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया। इससे महिलाओं को यह समझने में मदद मिली कि सीमित संसाधनों में भी संतुलित और पौष्टिक आहार तैयार किया जा सकता है। चौपाल में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ने के साथ ही कुपोषण की समस्या को कम करने में भी मदद मिलेगी।

# कोकपुर में नंदाजी सेन महाराज की जयंती श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार



श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर द्वारा ग्राम कोकपुर में नंदा जी सेन महाराज की 726वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सेन जी महाराज एवं बजरंग बली के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं आरती कर जयघोष के साथ की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कोकपुर की सरपंच निशा दुग्गा ने अपने संबोधन में सेन महाराज के आदर्शों एवं उनके पदचिन्हों पर चलकर सर्व समाज की सेवा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के संरक्षक दयालु राम सेन ने समाज में जागरूकता बढ़ाने एवं संगठित समाज की परिकल्पना को साकार करने में इस जयंती के महत्व को बताया। उन्होंने पिछले वर्ष कांकेर विधायक आशाराम नेताम द्वारा भवन निर्माण के लिए दिए गए आश्वासन के बाद उत्पन्न स्थिति की समीक्षा पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश्वर सेन ने किया तथा सेन महाराज की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच चुनेश्वर जैन, संरक्षक सिताराम सेन सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण के कोषाध्यक्ष मुकेश सेन ने किया। कार्यक्रम में पंच रंजिता जैन, जिला अध्यक्ष श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर शैलेंद्र कौशिक, कृष्णा सेन, जीवन सेन, अनिल, विमल, प्रकाश, तामेश्वर, तुलेश, भेदन लाल, भूषण, कोमल, युगल किशोर, सुनिल सेन, निधि, गुंजा, मेधा, शुभम, यशवंत, जितेंद्र, वीणा, प्रतीक, रिंकु, पुलेश, बसंत, संजय, डिकेश्वरी, टिकेश्वरी, चम्पा, मोहनी, अवध, रामेश्वरी, सुनीता सेन, रेवती सेन, कुशुमलता सेन, यामिनी सेन, सुहद्रा सेन, पिंकी सेन, पूनम सेन, तामेश्वरी सेन, मालती सेन, शीला सेन, देवकी सेन, भारती सेन, संतोषी सेन, सोनिया सेन, टिकाराम सेन, अतुल सेन, दिलीप सेन, अवध सेन, समीर सेन, सागर सेन, पिंटू सेन सहित समाजजन उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411